CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

CRNA–F–PSYC

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* किशोरावस्था में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के प्रबंधन के लिए मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के उपयोगों का वर्णन कीजिए।

Describe the applications of psychological principles in managing drug abuse in adolescents.

*(b)* मूल्य क्या हैं? बचपन में समानता के मूल्य को बढ़ावा देने के लिए किन रणनीतियों का उपयोग किया जा सकता है? चर्चा कीजिए।

What are values? What strategies can be used in fostering value of equality in early childhood? Discuss.

*(c)* मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Discuss the role of artificial intelligence in dealing with mental health problems.

*(d)* अभिभावक अपने बच्चों के आक्रामक व्यवहार को प्रबंधित करने के लिए पुनर्बलन आकस्मिकताओं का उपयोग कैसे कर सकते हैं?

How can parents use reinforcement contingencies to manage their children's aggressive behaviour?

*(e)* मनोवैज्ञानिक अनुसंधान में परिकल्पना की भूमिका का वर्णन कीजिए।

Illustrate the role of hypothesis in psychological research.

**2.** *(a)* दो-तरफा अनोवा की धारणाओं और विशेषताओं को बताइए। मनोवैज्ञानिक अनुसंधान में इसके अनुप्रयोगों की व्याख्या एक उपयुक्त उदाहरण के साथ कीजिए।

State the assumptions and merits of two-way ANOVA. Explain the applications of the same in psychological research with an appropriate example. 20

*(b)* स्किनर और चॉम्स्की के सिद्धांतों के आलोक में विकास के विभिन्न चरणों में भाषा अधिग्रहण पर चर्चा कीजिए।

Discuss language acquisition at different stages of development in the light of the theories of Skinner and Chomsky. 15

*(c)* संवेग के शारीरिक संकेतकों से आप क्या समझते हैं? ये पॉलीग्राफ टेस्ट में कैसे प्रासंगिक हैं?

What do you understand by physical indicators of emotion? How are they relevant in polygraph test? 15

**3.** *(a)* क्या समस्या-समाधान एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है? समस्या-समाधान में शामिल चरणों और विधियों के साथ अपने उत्तर का वर्णन कीजिए। मानव और कम्प्यूटरीकृत समस्या-समाधान के बीच अंतर कीजिए।

Is problem solving a psychological process? Illustrate your answer with the steps and methods involved in problem solving. Differentiate between human and computerized problem solving. 20

*(b)* मनोविज्ञान को एक विषय के रूप में आकार देने में संरचनावाद और प्रकार्यवाद के योगदान की चर्चा कीजिए।

Discuss the contribution of structuralism and functionalism in shaping psychology as a discipline. 15

(c) क्या निद्रा एक सचेतन घटना है? निद्रा की विभिन्न अवस्थाओं को स्पष्ट कीजिए और मानव जीवन में इसके कार्यों और भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Is sleep a conscious phenomenon? Illustrate different states of sleep and explain the functions and role it serves in human life. 15

**4.** (a) क्या मनुष्य पूर्णतः प्रकार्यशील और आत्मसिद्ध हो सकता है? व्यक्तित्व के मानवतावादी और मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से इसका मूल्यांकन कीजिए।

Can human beings be fully functioning and self-actualized? Evaluate it from humanistic and psychoanalytic perspectives of personality. 20

(b) मनोवैज्ञानिक अनुसंधान की विधियों के रूप में प्राकृतिक अवलोकन और प्रयोगशाला-आधारित अवलोकन की तुलना और भेद कीजिए। क्या उनका मेल हो सकता है? चर्चा कीजिए।

Compare and contrast naturalistic observation and laboratory-based observation as methods of psychological research. Can they be reconciled? Discuss. 15

(c) प्रसंस्करण मॉडल के स्तर की चर्चा कीजिए और स्मृति में व्यक्तिगत भिन्नता को समझाने के लिए इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

Discuss the levels of processing model and highlight its relevance for explaining individual differences in memory. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) एक प्रयोग की सुदृढ़ता स्थापित करने के लिए एकल अंधा-डबल अंधे प्रक्रिया के महत्त्व की चर्चा कीजिए।

Discuss the significance of single blind-double blind procedures for establishing soundness of an experiment.

(b) मनोवैज्ञानिक सर्जनात्मकता की संकल्पना कैसे करते हैं? सर्जनात्मकता के संगम दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए।

How do psychologists conceptualize creativity? Explain the confluence approach to creativity.

(c) क्या मानव व्यक्तित्व का वर्णन करने के लिए 16 कारकों की आवश्यकता है? व्यक्तित्व के पाँच बड़े कारक सिद्धांत के आलोक में अपने उत्तर का वर्णन कीजिए।

Do we need 16 factors to describe human personality? Illustrate your answer in the light of big five-factor theory of personality.

(d) स्मृति विकारों के रोगियों के आकलन करने की तकनीकों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the techniques to assess patients with memory disorders.

(e) ''भावनात्मक योग्यता बौद्धिक योग्यता से अधिक महत्त्वपूर्ण है।'' स्कूली बच्चों के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

"Emotional competency is more important than intellectual competency." Discuss in the context of schoolchildren.

6. *(a)* मानव अभिवृत्तियों की प्रकृति की व्याख्या कीजिए। भारतीय संदर्भ में अभिवृत्ति परिवर्तन प्रक्रिया का ज्ञान धार्मिक सद्भावना लाने में किस प्रकार सहायक है? चर्चा कीजिए।
Explain the nature of human attitudes. How is the knowledge of attitude change process helpful in bringing religious harmony in the Indian context? Discuss. 20

*(b)* प्रारंभिक विकासात्मक अवस्थाओं में सामाजिक बुद्धिमत्ता का पोषण बाद की अवस्थाओं में मतभेद समाधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
Nurturing social intelligence at early developmental stages can play a critical role in conflict resolution at later stages. Explain with the help of examples. 15

*(c)* क्या संवेदना के बिना प्रत्यक्षण हो सकता है? आनुभविक साक्ष्यों के आलोक में समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
Is there perception without sensation? Evaluate critically in the light of empirical evidences. 15

7. *(a)* क्या बुद्धि एकचरीय या बहुचरीय संकल्पना है? स्पीयरमैन और जे० पी० दास के बुद्धि के सिद्धांतों के आलोक में चर्चा कीजिए।
Is intelligence a univariate or multivariate concept? Discuss in the light of Spearman's and J. P. Das's theories of intelligence. 20

*(b)* प्रत्यक्षज्ञानात्मक संगठन के कौन-से नियम हवाई यातायात नियंत्रकों के लिए उपयोगी हैं? यह भी बताइए कि वे उनमें से प्रत्येक का उपयोग कैसे करते हैं।
What principles of perceptual organization are useful for air traffic controllers? Also, indicate how they use each of them. 15

*(c)* मध्य-जीवन के बदलावों के दौरान सामना की गयी विकासात्मक चुनौतियों का भारतीय संदर्भ में लिंगानुसार मूल्यांकन कीजिए।
Evaluate the developmental challenges faced during midlife transitions across gender in the Indian context. 15

8. *(a)* ''अधिगम केवल अनुकूलन (कंडीशनिंग) के माध्यम से नहीं होता बल्कि हमारे द्वारा दूसरों के अवलोकन से भी होता है।'' बच्चों के दृष्टिकोण से इस कथन का वर्णन कीजिए। बच्चों के लिए प्रेक्षणात्मक अधिगम के गुण और अवगुण क्या हैं?
"Learning occurs not only through conditioning but also from our observations of others." Discuss this statement from children's point of view. What are the pros and cons of observational learning for children? 20

*(b)* संजातीय भाषाई ओजस्विता में शामिल कारकों की भारतीय संदर्भ में चर्चा कीजिए।
Discuss the factors involved in ethnolinguistic vitality in the Indian context. 15

*(c)* बुद्धि, भावनात्मक बुद्धि और सामाजिक बुद्धि की अवधारणाओं में तुलना और भेद कीजिए। एक प्रभावी लोक सेवक के निर्माण में ये कैसे योगदान दे सकते हैं? चर्चा कीजिए।
Compare and contrast the concepts of intelligence, emotional intelligence and social intelligence. How can they contribute in the making of an effective civil servant? Discuss. 15

★ ★ ★